—: बैठक कार्यवृत्त :—

दिनाँक 22.11.2026 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय में "जल जीवन मिशन" कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में निम्नानुसार अधिकारी/कर्मचारी द्वारा प्रतिभाग किया गया।

1. श्री योगेश कुमार, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), पीलीभीत।
2. श्री मनोज कुमार, सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), पीलीभीत।
3. श्री दाताराम, सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), पीलीभीत।
4. श्री मो0 शफीक, सहायक अभियन्ता, डी0डब्लू0एस0एम0, पीलीभीत।
5. श्री इमामत हुसैन, जूनियर इंजीनियर, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), पीलीभीत।
6. श्री इरफान रज़ा, जूनियर इंजीनियर, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), पीलीभीत।
7. श्री सर्वेश बाबू, जूनियर इंजीनियर, डी0डब्लू0एस0एम0, पीलीभीत।
8. श्री स्वतंत्र यादव, जूनियर इंजीनियर, डी0डब्लू0एस0एम0, पीलीभीत।
9. श्री मो0 नासिर खां, उप–परियोजना प्रबन्धक, मै0 टी0पी0आई0 एजेन्सी, पीलीभीत।
10. श्री आमिर अली खां, उप–परियोजना प्रबन्धक, मै0 टी0पी0आई0 एजेन्सी(O&M), पीलीभीत।
11. श्री के0 रमेश, परियोजना प्रबन्धक, मै0 पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0 जे0वी0, पीलीभीत।
12. श्री धीरेन्द्र कुमार, परियोजना प्रबन्धक, मै0 विश्वराज इंवायरमेंट प्रा0लि0, पीलीभीत।

बैठक के प्रारम्भ में अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), पीलीभीत द्वारा जनपद में संचालित समस्त ग्रामीण पेयजल योजनाओं की विस्तृत प्रगति पुस्तिका प्रस्तुत करते हुए योजनावार भौतिक एवं वित्तीय प्रगति, नियमित जलापूर्ति, ओवरहेड टैंक निर्माण, टयूबवैल, पम्प हाउस, वितरण प्रणाली, सड़क पुनर्स्थापना, एफ.एच.टी.सी., हर घर जल, ओ0एण्डएम0 तथा अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। प्रस्तुत प्रगति पुस्तिका के बिंदुवार अवलोकन उपरान्त अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नानुसार समीक्षा एवं निर्देश प्रदान किए गए।

1. टयूबवैल/बोरिंग कार्य :

फेज–2 : अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), पीलीभीत द्वारा अवगत कराया गया कि फेज–2 के कार्यो हेतु कार्यदायी संस्था– मै0 पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0 जे0वी0, आगरा द्वारा प्रस्तावित 264 नग टयूबवैलों के सापेक्ष समस्त टयूबवैलों का बोरिंग कार्य पूर्ण करा लिया गया है।

फेज–3 : अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), पीलीभीत द्वारा अवगत कराया गया कि फेज–3 के कार्यो हेतु कार्यदायी संस्था– विश्वराज इनवायरमेन्ट लि0 द्वारा स्वीकृत 220 नग टयूबवैलों के सापेक्ष 219 नग टयूबवैलों का बोरिंग कार्य पूर्ण करा लिया गया है। शेष 01 नग टयूबवैल का कार्य वन विभाग की भूमि होने के कारण बाधित है, जिसकी एन0ओ0सी0 सम्बन्धी कार्यवाही प्रगति पर है।

2. शिरोपरि जलाशय (OHT) का कार्य :

फेज–2 : अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), पीलीभीत द्वारा अवगत कराया गया कि स्वीकृत कुल 264 नग शिरोपरि जलाशय का कार्य के सापेक्ष वर्तमान तक फर्म द्वारा 122 नग शिरोपरि जलाशय का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा शेष शिरोपरि जलाशय पर कार्य प्रगति पर है। शिरोपरि जलाशय की पूर्ण होने की प्रगति काफी धीमी होने के कारण जिलाधिकारी महोदय द्वारा रोष व्यक्त किया गया एवं निर्देश दिये गये कि शेष शिरोपरि जलाशयों के निर्माण कार्य हेतु श्रमशक्ति की सख्या में तत्काल बढौतरी कर अपेक्षित गति लाते हुए निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें।

फेज–3 : अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), पीलीभीत द्वारा अवगत कराया गया कि स्वीकृत कुल 220 नग शिरोपरि जलाशय के सापेक्ष वर्तमान तक फर्म द्वारा 212 नंग शिरोपरि जलाशय का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा शेष शिरोपरि जलाशय पर कार्य प्रगति पर है, जिसपर जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि शेष शिरोपरि जलाशयों के निर्माण कार्य में अपेक्षित गति लाते हुए कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें।

3. पाइप लाईन का कार्य :

फेज–2 : अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), पीलीभीत द्वारा अवगत कराया गया कि फेज–2 के कार्यो हेतु कार्यदायी संस्था– मै0 पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0 जे0वी0, आगरा द्वारा लक्षित 1836 कि0मी0 पाइप लाईन के सापेक्ष 1786 कि0मी0 का पाइप लाईन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म के परियोजना प्रबन्धक को शेष पाइप लाईन का कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

फेज–3 : अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), पीलीभीत द्वारा अवगत कराया गया कि फेज–3 के कार्यो हेतु कार्यदायी संस्था– मै0 विश्वराज इनवायरमेन्ट लि0, नागपुर द्वारा स्वीकृत 3612 कि0मी0 पाइप लाईन के सापेक्ष 3343.00 कि0मी0 पाइप लाईन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म के परियोजना प्रबन्धक को शेष पाइप लाईन का कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

4. FHTC का कार्य :

फेज–2 : अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), पीलीभीत द्वारा अवगत कराया गया कि फेज–2 के कार्यो हेतु कार्यदायी संस्था– मै0 पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0 जे0वी0, आगरा द्वारा लक्षित 111289 नग FHTC के सापेक्ष 111081 नग FHTC प्रदान किये गये है, जिसपर जिलाधिकारी महोदय द्वारा शेष कार्य तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

फेज–3 : अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), पीलीभीत द्वारा अवगत कराया गया कि फेज–3 के कार्यो हेतु कार्यदायी संस्था– मै0 विश्वराज इनवायरमेन्ट लि0, नागपुर द्वारा लक्षित 137639 नग FHTC के सापेक्ष 100355 नग FHTC प्रदान किये गये है, शेष कार्य तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

5. सड़क पुनर्स्थापना (Road Restoration) का कार्य :

फेज–2 : अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), पीलीभीत द्वारा अवगत कराया गया कि फेज–2 के कार्यो हेतु कार्यदायी संस्था– मै0 पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0 जे0वी0, आगरा द्वारा 901.23 कि0मी0 काटी/तोड़ी गयी है, के सापेक्ष 833.98 कि0मी0 सड़क का पुर्नस्थापना कार्य पूर्ण करा दिया गया है।

फेज–3 : अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), पीलीभीत द्वारा अवगत कराया गया कि फेज–3 के कार्यो हेतु कार्यदायी संस्था– मै0 विश्वराज इनवायरमेन्ट लि0, नागपुर द्वारा 996.13 कि0मी0 काटी/तोड़ी गयी है, के सापेक्ष 903.06 कि0मी0 सड़क का पुर्नस्थापना कार्य पूर्ण करा दिया गया है।

उपरोक्त के सम्बन्ध में गृह संयोजन किए जाने हेतु सड़क पर किए गए पैचवर्क को भी शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।

6. नियमित जलापूर्ति :

फेज–2 : अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), पीलीभीत द्वारा अवगत कराया गया कि फेज–2 के कार्यो हेतु कार्यदायी संस्था– मै0 पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0 जे0वी0, आगरा द्वारा 472 नग ग्रामों के सापेक्ष 230 नग ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है।

फेज–3 : अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), पीलीभीत द्वारा अवगत कराया गया कि फेज–3 के कार्यो हेतु कार्यदायी संस्था– मै0 विश्वराज इनवायरमेन्ट लि0, नागपुर द्वारा 719 नग ग्रामों के सापेक्ष 450 नग ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है।

उपरोक्त प्रगति के सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा रोष व्यक्त किया गया एवं अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि नियमित जलापूर्ति वाले ग्रामों में तत्काल बढ़ोतरी करना सुनिश्चित करें।

7. ओ0एण्डएम0 हस्तान्तरण :

फेज–2 : अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), पीलीभीत द्वारा अवगत कराया गया कि फेज–2 के कार्यो हेतु कार्यदायी संस्था– मै0 पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0 जे0वी0, आगरा द्वारा 264 नग योजनाओं के सापेक्ष 84 नग योजनाओं को ऑपरेशन एवं मेंटेनेंस (ओ0एण्डएम0) में हस्तान्तरित किया जा चुका है।

फेज–3 : अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), पीलीभीत द्वारा अवगत कराया गया कि फेज–3 के कार्यो हेतु कार्यदायी संस्था– मै0 विश्वराज इनवायरमेन्ट लि0, नागपुर द्वारा 220 नग योजनाओं के सापेक्ष 103 नग योजनाओं को ऑपरेशन एवं मेंटेनेंस (ओ0एण्डएम0) में हस्तान्तरित किया जा चुका है।

ओ0एण्ड0एम0 में योजनाओं के हस्तान्तरण की प्रगति अत्यन्त धीमी होने के कारण जिलाधिकारी महोदय द्वारा रोष व्यक्त किया गया तथा परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि ओ0एण्ड0एम0 में शेष योजनाओं के हस्तान्तरण हेतु कार्ययोजना तैयार कर अधिशासी अभियन्ता को प्रस्तुत करें एवं कार्ययोजना के अनुसार योजनाओं का हस्तान्तरण निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें।

"जिलाधिकारी महोदय के निर्देशानुसार कार्यवृत्त निर्गत किया जा रहा है।"

26.11.25

(योगेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), पीलीभीत।

पत्रांक : 4882 / M-07 / 71 दिनांक: 25-11-2026

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ को सादर अवलोकनार्थ।
2. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को सादर अवलोकनार्थ।
3. मुख्य अभियन्ता(मु0क्षे0) महोदय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मुरादाबाद को सादर अवलोकनार्थ।
4. जिलाधिकारी महोदय, पीलीभीत को सादर अवलोकनार्थ।
5. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), बरेली को सादर अवलोकनार्थ।
6. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, पीलीभीत को सादर अवलोकनार्थ।
7. समस्त सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर को उपरोक्तानुसार निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु।
8. समस्त परियोजना प्रबन्धक, कार्यदायी संस्था, पीलीभीत को उपरोक्तानुसार निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु।
9. उप–परियोजना प्रबन्धक, मै0 बी0एल0जी0 कान्सट्रक्शन सर्विसेज (टी0पी0आई0 एजेन्सी– JJM/O&M), पीलीभीत को उपरोक्तानुसार निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु।

अधिशासी अभियन्ता